# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका
## नवम्बर 2020




नगर पालिक निगम भिलाई



श्री देवेन्द्र यादव
महापौर

# संदेश

शहर में निवासरत सभी नागरिकों को शुभकामना, मैं अपनी पूरी क्षमता व लगन के साथ प्रयासरत हुं कि अंतिम व्यक्ति तक मूलभूत सुविधा पहुंचे। हम अपने इस लौह नगर को स्वच्छता, पानी, बिजली, सड़क, व्यवस्थित बाजार, पार्क, उद्यान,खेल-कूद, शिक्षा, आपसी प्रेम भाईचारा, सांस्कृतिक महोत्सव, आदि सभी **क्षेत्रों** में अग्रणी बनायेंगे। हम सब लोग मिलकर ही अपने शहर को स्वच्छ भिलाई सुन्दर भिलाई व स्वस्थ भिलाई बना सकतें है।

श्री देवेन्द्र यादव
महापौर
नगर पालिक निगम
भिलाई

# मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत मुहैया कराई जा रही है मुफ्त स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधा

भिलाईनगर। माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की मंशा अनुरूप मोहल्ले में ही चिकित्सकों द्वारा मुफ्त स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधा देने के लिए महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव की पहल पर 3 मोबाइल मेडिकल यूनिट ने आज से अपनी सुविधा देना प्रारंभ कर दिया है! शेड्यूल के मुताबिक आज राधिका नगर, वृंदा नगर और दुर्गा मंदिर मे शिविर का आयोजन किया गया! प्रथम पाली के आज के शिविर में 75 लोगों ने अपना स्वास्थ्य लाभ लिया! योजना के तहत निगम क्षेत्र के नागरिकों को उनकी बस्ती, मोहल्ला, पारा में ही चिकित्सा की उन्नत सेवा मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से मिलना प्रारंभ हो गया है। महापौर एवं भिलाईनगर विधायक श्री देवेन्द्र यादव ने कहा कि मोहल्ले में ही सुविधा प्राप्त होने के कारण स्लम क्षेत्र के नागरिक इसका सहज ही लाभ प्राप्त कर पाएंगे। राज्य प्रवर्तित मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत आम नागरिकों का उनके मोहल्ले में ही जाकर ईलाज किया जा रहा है। निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने सभी जोन आयुक्तों को चलित चिकित्सा ईकाई के लिए शिविर स्थल में बिजली, पानी, साफ सफाई, टेबल, कुर्सी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं! योजना के नोडल अधिकारी तरुण पाल लहरें ने बताया कि योजना के तहत निगम क्षेत्र के वार्डों में क्रमशः शिविर लगाने के लिए माह नवंबर  का शेड्यूल तैयार कर लिया गया है। चलित चिकित्सा ईकाई स्लम क्षेत्रों में पहुंचकर उस क्षेत्र के मरीजों की जांच कर दवाईयां उपलब्ध कराएगी। इसके अतिरिक्त पैथोलाॅजी की सुविधा भी मेडिकल मोबाइल यूनिट में उपलब्ध होगी।





# आवासीय क्षेत्र में व्यवसायिक तथा स्वीकृत मानचित्र के विपरीत किया जा रहा था निर्माण, निगम ने कार्रवाई कर ढहाया

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई अंतर्गत जोन क्रमांक 1 क्षेत्र के वार्ड 7 दुर्गा नगर कोहका के आवासीय क्षेत्र में व्यवसायिक निर्माण करना मकान मालिक को भारी पड़ गया! दुर्गा नगर के प्लॉट नंबर 63 बी में डॉक्टर रजिया परवीन द्वारा आवासीय क्षेत्र में व्यवसायिक निर्माण किया गया था साथ ही उन्होंने स्वीकृत मानचित्र के विपरीत निर्माण कर कोई भी हिस्सा खाली नहीं छोड़ा! जिस जगह को स्वीकृत मानचित्र के आधार पर रिक्त रखना था वहां पर मकान मालिक ने व्यवसायिक उपयोग के लिए दुकान बना दी! जोन आयुक्त सुनील अग्रहरि को मामला संज्ञान में आने पर अपनी टीम के साथ दुर्गा नगर पहुंचे और दो जेसीबी, एक डंपर की सहायता से अतिरिक्त निर्माण को तोड़ने की कार्रवाई की! निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने इस प्रकार के निर्माण पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं! बता दें कि पूर्व में भी निगम द्वारा इसी मकान पर मानचित्र के विपरीत किए गए निर्माण को तोड़ने के लिए टीम भेजी गई थी! किंतु स्थानीय महिलाओं द्वारा विरोध किए जाने के कारण कार्यवाही नहीं की जा सकी थी! लेकिन आज कार्यपालिक मजिस्ट्रेट श्री सत्येंद्र शुक्ला, स्मृति नगर के टीआई एचएन सिंह, आरक्षक आशीष कुमार एवं महिला पुलिस बल की मौजूदगी में स्वीकृत मानचित्र के विपरीत निर्माण को तोड़ने की कार्रवाई की गई! दूसरी बड़ी करवाई भी इसी स्थल के समीप तोड़फोड़ की कार्रवाई आज दो मकानों में की गई! प्लॉट नंबर 63 बी में कार्रवाई करने के बाद इससे सटे हुए मकान में भी कार्रवाई की गई! मकान मालिक सैयद सरफराज अली द्वारा स्वीकृत मानचित्र के अनुरूप खाली जगह न छोड़कर बैठक का कमरा निर्माण कर लिया गया था!






## नगर पालिक निगम भिलाई

# पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में पहला वर्मी कम्पोस्ट विक्रय किया भिलाई निगम ने, गोधन न्याय योजना का भिलाई निगम में बेहतर कियान्वयन

भिलाईनगर/ छत्तीसगढ़ शासन की महत्वकांक्षी योजना गोधन न्याय योजना का बेहतर क्रियान्वयन भिलाई निगम में हो रहा है! नगर पालिक निगम भिलाई पूरे छत्तीसगढ़ में गोधन न्याय योजना के तहत वर्मी कम्पोस्ट तैयार कर विक्रय करने वाला पहला निगम की सूची में शामिल हो गया है। गोधन न्याय योजना के तहत गोबर खरीदी केन्द्रों में गोबर क्रय कर वर्मी कम्पोस्ट तैयार करने का कार्य भिलाई में जोर शोर से किया जा रहा है। गोधन न्याय योजना की शुरूआत 20 जुलाई को हुई थी। महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव एवं कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे तथा निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के कुशल निर्देशन में योजना की शुरुआत के पहले तारिख को ही निगम ने पूरी तैयारी गोबर खरीदी एवं वर्मी कम्पोस्ट बनाने को लेकर कर ली थी। तब 5 ग्रीन बैग वर्मी कम्पोस्ट निर्माण के लिए लाए गए थे। प्रथम दिन ही ग्रीन बैग में गोबर डालकर वर्मी कम्पोस्ट बनाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया और अब वर्मी कम्पोस्ट निर्माण हुआ तो इसे कृषि विभाग के लैब में टेस्ट कराया गया जहां वर्मी कम्पोस्ट विभिन्न स्तर के मानको पर खरा उतरा और विक्रय के लिये तैयार हो गया। 120 किलोग्राम वर्मी कम्पोस्ट का विक्रय आज गौठान समिति ने किया और भिलाई निगम पहला ऐसा निगम बन गया जो वर्मी कम्पोस्ट बनाने से लेकर विक्रय करने में तेज गति से कार्य करते हुए अग्रणी स्थान हासिल किया है।






## हिला चिकित्सक करेंगी महिलाओं का इलाज, दाई-दीदी क्लिनिक भिलाई शहर में महिलाओं को मुहैया कराएगी चिकित्सीय सेवाएं

भिलाई नगर/ मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन निगम क्षेत्र में किया जा रहा है! लेकिन अब दाई-दीदी क्लीनिक केवल महिलाओं को चिकित्सा सुविधा देने के लिए तैयार किया गया है! जिसका शुभारंभ माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा किया जा चुका है! महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव के प्रयासों से अब भिलाई की महिलाओं को इस योजना से विशेष रूप से जोड़ते हुए पिंक एमएमयू (दाई-दीदी क्लिनिक) शहर की स्लम क्षेत्र की महिलाओं को 20 नवंबर से स्वास्थ्य लाभ मुहैया कराएगी! यह भिलाई निगम क्षेत्र में पहला ऐसा चलित चिकित्सा इकाई होगा जिसमें पूरा चिकित्सा स्टॉफ महिला होंगी और यह महिला स्टॉफ महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण करेंगी! कई संकोच के कारण महिलाएं अपनी बीमारी को खुलकर नहीं बता पाती है! इस कारण बीमारी का सही उपचार नहीं हो पाता है अब दाई-दीदी क्लीनिक में महिला चिकित्सक एवं महिला स्टॉफ होने से वह नि:संकोच अपना इलाज करा सकेंगी! महिलाओं को नि:शुल्क इलाज की सुविधा मिलेगी! आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी स्वयं मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से प्रदाय किए जा रहे स्वास्थ्य शिविरों का जायजा लेकर बेहतर व्यवस्था के लिए अधिकारियों को निर्देशित कर रहे हैं और शिविर में आए हुए लोगों से चर्चा कर उनके स्वास्थ्य से संबंधित फीडबैक प्राप्त कर रहे हैं! उल्लेखनीय है कि भिलाई निगम क्षेत्र में 3 मोबाइल मेडिकल यूनिट स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान रहा है! जिसमें से एक को पिंक एमएमयू के रूप में तैयार किया गया है!



# पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में पहला वर्मी कम्पोस्ट विक्रय किया भिलाई निगम ने, गोधन न्याय योजना का भिलाई निगम में बेहतर कियान्वयन

भिलाईनगर/ छत्तीसगढ़ शासन की महत्वकांक्षी योजना गोधन न्याय योजना का बेहतर क्रियान्वयन भिलाई निगम में हो रहा है! नगर पालिक निगम भिलाई पूरे छत्तीसगढ़ में गोधन न्याय योजना के तहत वर्मी कम्पोस्ट तैयार कर विक्रय करने वाला पहला निगम की सूची में शामिल हो गया है। गोधन न्याय योजना के तहत गोबर खरीदी केन्द्रों में गोबर क्रय कर वर्मी कम्पोस्ट तैयार करने का कार्य भिलाई में जोर शोर से किया जा रहा है। गोधन न्याय योजना की शुरूआत 20 जुलाई को हुई थी। महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव एवं कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे तथा निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के कुशल निर्देशन में योजना की शुरुआत के पहले तारिख को ही निगम ने पूरी तैयारी गोबर खरीदी एवं वर्मी कम्पोस्ट बनाने को लेकर कर ली थी। तब 5 ग्रीन बैग वर्मी कम्पोस्ट निर्माण के लिए लाए गए थे। प्रथम दिन ही ग्रीन बैग में गोबर डालकर वर्मी कम्पोस्ट बनाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया और अब वर्मी कम्पोस्ट निर्माण हुआ तो इसे कृषि विभाग के लैब में टेस्ट कराया गया जहां वर्मी कम्पोस्ट विभिन्न स्तर के मानको पर खरा उतरा और विक्रय के लिये तैयार हो गया। 120 किलोग्राम वर्मी कम्पोस्ट का विक्रय आज गौठान समिति ने किया और भिलाई निगम पहला ऐसा निगम बन गया जो वर्मी कम्पोस्ट बनाने से लेकर विक्रय करने में तेज गति से कार्य करते हुए अग्रणी स्थान हासिल किया है।



## महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव ने छठ पर्व की दी बधाई, तालाबों का निरीक्षण कर श्रद्धालुओं से मिले, छठ पूजा की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

भिलाई नगर/ महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव आज प्रातः 8:00 बजे से निगम क्षेत्र के तालाबों में पहुंचकर छठ पूजा के लिए आवश्यक व्यवस्था का जायजा लिया! उन्होंने श्रद्धालुओं से मिलकर छठ पर्व की बधाई दी! सर्वप्रथम महापौर दर्री तालाब पहुंचे वहां उन्होंने पूरे तालाब का भ्रमण किया और साफ सफाई व्यवस्था का जायजा लिया! इस तालाब का सौंदर्यीकरण कार्य महापौर के प्रयासों से किया जा रहा है जहां पर चारों ओर पेवर ब्लॉक लगाया जा रहा है साथ ही जिम सामग्री लगाई गई है! महापौर ने लक्ष्मण तालाब खुर्सीपार का निरीक्षण किया वहां पर उपस्थित श्रद्धालु राजकुमार यादव ने बताया कि निगम प्रशासन ने 2 दिन में ही छठ पर्व को लेकर सारी तैयारियां पूर्ण कर दी! महापौर से जो भी मांग किए थे छठ पूजा की व्यवस्था को लेकर वह पूरा हो गया अब उत्साह पूर्वक पर्व मना पाएंगे! बापू नगर तीन तालाब में पहुंचकर उन्होंने समिति के अध्यक्ष श्री मोर्या से व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की! श्री मौर्या ने बताया कि पहले इस तालाब में गंदगी पसरी रहती थी बीएसपी का खराब पानी तालाब को गंदा करता था परंतु अब महापौर के प्रयासों से तालाब का वातावरण स्वच्छ हो गया है, अब छठ पूजा करने में किसी भी प्रकार की बाधा नहीं है! महापौर, बाबा बालक नाथ मंदिर स्थित तालाब पहुंचे वहां पर सारी व्यवस्था देखी और समिति की मांग पर सायं काल से पहले विद्‍युत व्यवस्था के लिए निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए! जिला प्रशासन से अनुमति मिलने के बाद से ही निगम के अधिकारी/कर्मचारी सफाई को लेकर सजग नजर आए! स्वच्छता की नई एजेंसी नेचर ग्रीन कंपनी तालाबों में रंगोली बनाकर तथा फ्लेक्स के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दे रहे हैं





# स्वास्थ्य शिविर में लाइन लगाने की जरूरत नहीं भिलाई निगम में टोकन सिस्टम से हो रहा है

भिलाई नगर/ मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत दो मोबाइल मेडिकल यूनिट और एक दाई दीदी क्लीनिक के द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगों को स्वास्थ्य लाभ दिया जा रहा है! महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव तथा निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी शिविरों का लगातार निरीक्षण कर रहे हैं! आयुक्त श्री रघुवंशी शिविर स्थलों में बेहतर व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को निर्देशित भी कर रहे हैं! निरीक्षण के दौरान आयुक्त महोदय चिकित्सक की टीम और मरीजों दोनों से ही शिविर में किसी प्रकार की अन्य कमियों को लेकर संवाद स्थापित कर रहे हैं! निर्धारित समय पर शिविर लग रहा है या नहीं इसकी भी जानकारी ली जा रही है! मोबाइल मेडिकल यूनिट में दवाइयों की उपलब्धता एवं लैब के इक्विपमेंट्स सहित तमाम व्यवस्थाओं का जायजा निगमायुक्त स्वयं ले रहे हैं! आयुक्त श्री रघुवंशी ने आज जोन क्रमांक एक कोसानाला राधा कृष्ण मंदिर एवं शिवाजी नगर छावनी के मंगल बाजार के स्वास्थ्य शिविर स्थल पर पहुंचे! वहां उन्होंने चिकित्सकों और आने वाले मरीजों से चर्चा की! शिविर स्थल में आने वाले लोगो की पंजी का अवलोकन किया और व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए! आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों को दिलाने अपंजीकृत संगठित, असंगठित, भवन व अन्य संनिर्माण कर्मकारो का शतप्रतिशत पंजीयन कराने के निर्देश दिए हैं! शिविर स्थल में कर्मकारो/ मजदूरों का पंजीयन कराने के लिए फार्म का वितरण किया जा रहा है ताकि इनका पंजीयन हो सके! पंजीयन संबंधित श्रम विभाग से इस कार्य हेतु समन्वय, मानिटरिंग आदि का कार्य अजय शुक्ला को दिया गया है!



# भैंस खटाल वालों ने तालाब में फैलाया गंदगी, निगम ने लगाया जुर्माना

भिलाईनगर/ निगम प्रशासन द्वारा गंदगी फैलाने वाले और पानी पाउच तथा डिस्पोजल विक्रय करने वालों के खिलाफ अर्थदंड वसूली की कार्यवाही की गई। वार्ड 14 कुरूद क्षेत्र में भैंस खटाल संचालकों के द्वारा खटाल के गंदगी को नाली में बहाकर तालाब में गंदगी फैलाया जा रहा था, उन पर भी कार्यवाही करते हुए अर्थदंड वसूला गया। जवाहर नगर देशी शराब भट्टी के पास पानी पाउच और डिस्पोजल विक्रय करते हुए पाए जाने पर जुर्माना वसूला गया! दोबारा ऐसा करते पाए जाने पर सख्त कार्यवाही की चेतावनी दी गई। महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव ने  सफाई व्यवस्था बेहतर रखने के निर्देश दिए हैं तथा निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में भिलाई को नंबर वन बनाने के लिए सभी जोन के अधिकारियों को अपने क्षेत्रों का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का स्वयं अवलोकन करने के निर्देश दिए हैं! इसी तारतम्य में जोन के अधिकारी निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था और बेहतर करने में लगे हुए हैं! जोन आयुक्त पूजा पिल्ले की उपस्थिति में 7 स्थानों पर कार्यवाही करते हुए गंदगी फैलाने को लेकर 24 हजार रूपए का चालान काटा गया। जोन 02 वैशाली नगर क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की टीम स्वच्छ भारत अभियान के तहत वार्डों में सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान वार्ड 14 कुरूद पहुंचे! जहां भैंस खटाल संचालकों द्वारा खटाल से निकले हुए गंदगी को नाली में बहाये जाने के कारण तालाब में गंदगी पाए जाने पर कार्यवाही किए। गौरतलब है कि वार्ड के नागरिकों ने खटाल संचालकों द्वारा तालाब में गंदगी फैलाये जाने की शिकायत किए थे, तालाब में खटाल द्वारा गंदगी करने पर तालाब का पानी गंदा हो रहा था , जिसके कारण वार्ड के लोगों को निस्तारी के लिए समस्या हो रही थी



## निगम प्रशासन ने 3 कर्मचारियों को दी स-सम्मान विदाई

भिलाई नगर । 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके नगर पालिक निगम भिलाई, के 3 कर्मचारियों को मंगलवार को ससम्मान विदाई दी गई। महापौर परिषद की सदस्य एवं सामान्य प्रशासन विभाग की प्रभारी श्रीमती सुभद्रा सिंह एवं निगम उपायुक्त अशोक द्विवेदी ने कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह, शाॅल और श्रीफल भेंट करते हुए सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना किए। इसके पूर्व सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों ने भिलाई निगम में सेवाकाल के दौरान आई कठिन परिस्थितियों को बताते हुए अपने सेवा के दौरान अनुभव को साझा किया। उपायुक्त अशोक द्विवेदी ने कहा कि सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों ने निगम के हर कठिन परिस्थितियों में काम करते हुए कई उपलब्धियां हासिल किए है जिसके लिए उन्होंने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किए। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त होने के बाद अब आप सभी पूरे परिवार के साथ अच्छा जीवन बिताएं और अपने अनुभवों के साथ समाज के अच्छे कार्यों में सहभागी बने।




**Editorial Board**

श्री ऋतुराज रघुवंशी
आयुक्त
आई.ए.एस.
नगर पालिक निगम
भिलाई

**Contact & Address**

श्री पी.सी सार्वा
जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई